भारत सरकार
आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 2833
08 अगस्त, 2024 को उत्तर दिए जाने के लिए

ठाणे रिंग मेट्रो परियोजना

2833. श्री धैर्यशील संभाजीराव माणेः

श्री वसंतराव बलवंतराव चव्हाणः

क्या **आवासन और शहरी कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या केन्द्र सरकार को लंबित ठाणे रिंग मेट्रो परियोजना के अनुमोदन के लिए महाराष्ट्र राज्य सरकार से कोई अनुरोध प्राप्त हुआ है;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा इस संबंध में सरकार की क्या प्रतिक्रिया है;
(ग) क्या केन्द्र सरकार ने ठाणे रिंग मेट्रो परियोजना के निर्माण के लिए सैद्धांतिक मंजूरी दे दी है;
(घ) यदि हां, तो तत्सबंधी ब्यौरा क्या है तथा इसके कब तक पूरा होने की संभावना है तथा यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;
(ङ) उक्त परियोजना के लिए केन्द्र सरकार द्वारा कितनी धनराशि निर्धारित या स्वीकृत की गई है; और
(च) उक्त परियोजना के निर्माण के लिए सरकार द्वारा धनराशि कब तक जारी की जाएगी?

उत्तर
आवासन और शहरी कार्य राज्य मंत्री
(श्री तोखन साहू)

(क) से (घ): जी, हाँ । मंत्रालय को महाराष्ट्र सरकार से ठाणे इंटीग्रल रिंग मेट्रो परियोजना के कार्यान्वयन के लिए एक प्रस्ताव प्राप्त हुआ है जो 12,200.10 करोड़ रूपये की लागत पर 22 स्टेशनों सहित 29 कि.मी. की दूरी को कवर करेगी। मेट्रो रेल परियोजनाएँ गहन लागत वाली होती हैं, जिसके लिए व्यापक अंतर-मंत्रालयी परामर्श की आवश्यकता होती है तथा उनकी स्वीकृति परियोजनाओं की व्यवहार्यता तथा संसाधनों की उपलब्धता पर निर्भर करती है, इसलिए, परियोजना की स्वीकृति के लिए कोई समय सीमा निर्दिष्ट नहीं की जा सकती है।

(ङ) और (च): मेट्रो परियोजना के लिए धनराशि परियोजना की मंजूरी के बाद ही निर्धारित, स्वीकृत या जारी की जाती है।

*****